26 नवम्बर से 'रामविलास शर्मा एकाग्र' पर दो दिवसीय जन्मशती समारोह

हिंदी विवि द्वारा बीसवीं सदी का अर्थ : जन्मशती का संदर्भ के तहत सातवां आयोजन



वर्धा, 24 नवम्बर, 2012; सुप्रसिद्ध आलोचक रामविलास शर्मा की जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर दिनांक 26 एवं 27 नवम्बर को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के क्षेत्रीय केंद्र, इलाहाबाद द्वारा प्रलेस, उ.प्र. के सहयोग से **'रामविलास शर्मा एकाग्र'** विषय पर जन्मशती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। हिंदी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यह आठवां आयोजन है। देश भर के विभिन्न प्रांतों में बाबा नागार्जुन, केदारनाथ अग्रवाल, उपेन्द्रनाथ अश्क, मंटो, फैज अहमद फैज, भुवनेश्वर के जन्मशती पर वैचारिक विमर्श कार्यक्रम आयोजित कर चुका है। इस कड़ी में अब रामविलास शर्मा की रचनाधर्मिता पर देशभर के चुनींदा विद्वान विमर्श करेंगे।

'इतिहासबोध' पत्रिका के संपादक लाल बहादुर वर्मा की अध्यक्षता में 26 नवम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे उद्घाटन सत्र में हिंदी के नामचीन आलोचक नामवर सिंह उद्घाटन वक्तव्य देगें। इस दौरान महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के कुलपतिविभूति नारायण राय बतौर मुख्य अतिथि एवं साहित्यकार अली जावेद विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचस्थ होंगे। वरिष्ठ साहित्यकार दूधनाथ सिंह की अध्यक्षता में अपराह्न दो बजे **'भाषा और समाज' विषय पर** दूसरा सत्र शुरू होगा। बीज वक्तव्य पी.एन. सिंह देंगे। इस सत्र में अरुण होता, संजय कुमार, रामचन्द्र एवं वैभव सिंह वक्ता के रूप में अपने विचार रखेंगे।

समारोह के दूसरे दिन 27 नवम्बर को सुबह 10-30 बजे तीसरा सत्र **'मार्क्सवादी आलोचना : अंतर्विरोध और विकास'** होगा। इसकी अध्यक्षता प्रदीप सक्सेना करेंगे। बीज वक्तव्य कुमार पंकज देंगे। वक्ता के रूप में भारत भारद्वाज, रवि श्रीवास्तव, बजरंग बिहारी तिवारी, रघुवंश मणि एवं कर्मेन्दु शिशिर इस विषय पर विमर्श करेंगे। दोपहर दो बजे चौथे सत्र का विषय **'हिंदी जाति की अवधारणा : साहित्य और इतिहास'** होगा। इसकी अध्यक्षता लाल बहादुर वर्मा करेंगे। बीज वक्तव्य चौथी राम यादव देंगे। वक्ता के रूप में ज्ञान प्रकाश शर्मा, राजकुमार, हितेन्द्र पटेल एवं कृष्ण मोहन वक्तव्य देंगे। ,

कुल चार सत्रों में संपन्न होने वाले जन्मशताब्दी समारोह में देश के विभिन्न शहरों से हिंदी के नामचीन विद्वान वक्ता एवं साहित्यकार भागीदारी करेंगे, जिसमें नामवर सिंह (दिल्ली), विभूति नारायण राय (वर्धा), भारत भारद्वाज (दिल्ली), दूधनाथ सिंह (इलाहाबाद), चौथीराम यादव, राजकुमार, कृष्णमोहन, कुमार पंकज, संजय श्रीवास्तव (बनारस) प्रदीप सक्सैना (अलीगढ़), ज्ञानप्रकाश शर्मा (दिल्ली), हितेन्द्र पटेल (कोलकाता), वैभव सिंह (चंडीगढ़), बजरंग बिहारी तिवारी (दिल्ली), रवि श्रीवास्तव (जयपुर), कर्मेन्दु शिशिर (पटना), सुरेश शार्मा (वर्धा), अरूण होता (कोलकाता) रघुवंशमणि (फैजाबाद), नरेन्द्र पुंडरीक (बांदा) सहित देश के विभिन्न शहरों से **लग**भग 35 साहित्यकार एवं बुद्धिजीवी इस आयोजन में शिरकत करेंगे।

इलाहाबाद क्षेत्रीय केंद्र के प्रभारी एवं जन्मशती समारोह के संयोजक प्रो. संतोष भदौरिया ने इलाहाबाद के समस्त साहित्य प्रेमी एवं बुद्धिजीवियों से समारोह में शिरकत की अपील की है।

(अमित विश्वास)